इन्टरनेट सुविधा एवं संगणक केन्द्र (संगणक केन्द्र)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शैक्षणिक ज्ञान के विकास में संगणक केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह केन्द छात्रों, शोध छात्रों और शिक्षक सदस्यो में अनुसंधान एवं शिक्षा के विकास में महती योगदान करते हुए उन्हें संगणन सुविधायें, इन्टरनेट सुविधायें और वेब सेवा सम्बन्धी सुविधायें प्रदान कर रहा है। महामना की भावनाओं के अनुरुप विश्वविद्यालय के भावी विकास एवं उन्नति की दृष्टि से इसका उद्‌देश्य आधुनिक संगणक सेवाओं और सुविधाओं के साथ विश्वविद्यालय को सुसज्जित करना है।

विश्वविद्यालय के लगभग ४०,००० नेट उपयोगकर्ता हैं जिनमें सभी संस्थानों, संकायों, विभागों, स्कूलों, ऑफिसों एवं छात्रावासों के उपयोगकर्ता सम्मिलित हैं। विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा सूचनाओं और संचार के आदान प्रदान के लिए ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग द्वारा मेल सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में का. हि. वि. वि. मेल सेवाओं के लगभग २४०० उपयोगकर्ता है। बेब सेवायें भी उपयोग में हैं और इसकी सेवायें २०११-१२ में बढ़कर ४००० तक हो चुकी हैं। केन्द्र निम्नलिखित आईएसपी के लीज्ड लाइन सेवाएं प्रदान कर रहा है जैसे बीएसएनएल (१०० एमबीपीएस), रिलायन्स (६० एमबीपीएस) और राष्ट्रीय ज्ञान संजाल (एन के एन)। केन्द्र ने अभी-अभी बीएसएनएल का १.५ जीबीपीएस (१ः२) स्थापित किया है, जिसके माध्यम से इंटरनेट सेवायें प्रदान कर रहा है। केन्द्र द्वारा रेडवायर लिंक प्रूफ लोड बैलेन्सर और उच्च क्षमता का सिस्को फायरवाल स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

संगणक केन्द्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंन्ता कार्यालय को स्नातक प्रवेश परीक्षा (यूईटी), स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पीईटी), स्कूल प्रवेश परीक्षा (एसईटी) और सम्मिलित शोध प्रवेश परीक्षा (आरईटी) और मेडिकल प्रवेश परीक्षा (एमईटी) के उत्तर प्रपत्रों का अग्रगमन में सहयोग करता है। उत्तर प्रपत्रों को संगणक केन्द्र में ओ एम आर के माध्यम से स्कैन किया जाता है और आंकड़ों की स्थान वरिष्ठता सूची तैयार की जाती है। यह कार्य शत प्रतिशत शुद्ध होता है और इसके लिए सॉफ्टवेयर को यहीं विकसित और अद्यतन किया गया है। प्रवेश परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों का परिणाम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की वेबसाइट".र्प्ली.म.ग्ह पर भी प्रकाशित किया जाता है। इस वर्ष से केन्द्र द्वारा ऑन लाइन प्रवेश परीक्षा आवेदन का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है।

केन्द्र ने इस वर्ष भी एम. सी. ए. और एम. एससी. (संगणक विज्ञान) के छात्रों के लिए नियोजन सुविधायें प्रदान की हैं। दोनों पाठ्यक्रमों के छात्र राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में सूचना एवं संगणक उपयोग प्रौद्योगिकी हेतु उपस्थित हुए और चयनित भी हुए। आवश्यकता पड़ने पर एम. सी. ए. और एम. एससी. (संगणक विज्ञान) के छात्रों के नियोजन हेतु ऑन लाइन परीक्षा भी संचालित की जाती है। संगणक केन्द्र प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मावकाश के दौरान हमारे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों के अभियांत्रिकी छात्रों, एम. सी. ए. और एम. एससी. (संगणक विज्ञान) के लिये ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन करता है।